वीयू – डॉ. रश्मि विश्वकर्मा को शोध हेतु मुख्यमंत्री स्कालरशिप

पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती से निपटने में मध्य प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है जिस हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी ने "सीएम स्कॉलरशिप शोधार्थियों" हेतु प्रारंभ की जिससे कि जलवायु परिवर्तन के कारक, प्रभाव तथा बचाव पर छात्र–छात्राएं शोध करें और इसके दुष्परिणामों से निपटने में सक्षम हो सकें।

इसके लिए इप्को एनवायरमेंटल प्लैनिंग एंड कोऑर्डिनेशन ऑर्गेनाइजेशन (EPCO) भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों से जलवायु परिवर्तन विषय पर चल रहे शोध तथा शोध प्रपोजल आमंत्रित किए गए थे जिनमे सिर्फ 5 शोधार्थियों का चयन हुआ है, जिसमें नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय की डॉ. रश्मि विश्वकर्मा का चयन किया गया है जिनका विषय "आईसीटी आधारित मॉड्यूल के माध्यम से मध्य भारत में प्रचलित जलवायु परिवर्तन सहिश्रुणिता और पशुधन उत्पादन प्रणाली के अनुकूलन को मजबूत करना"- शोध कार्य हेतु उन्हें मुख्यमंत्री शोध स्कॉलरशिप से ₹ 200000 की राशि प्राप्त होगी। डॉ. रश्मि अपना यह शोध कार्य डॉ. रुचि सिंह सहायक प्राध्यापक वेटरनरी विस्तार शिक्षण की देखरेख में करेंगी। यह विश्वविद्यालय के लिए एक बहुत ही गर्व की बात है। जिस हेतु माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी ने उन्हें अनेकों अनेक बधाइयां दी हैं तथा सरकार को इसके लिए धन्यवाद दिया है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर